पंजाब केसरी 19/08/2025

# हर्षदीप कौर ने जीती पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

अम्बाला, 18 अगस्त (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में प्रबंधन विभाग एवं एस.डी.जी. क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण जागरुकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हर्षदीप कौर ने प्रथम पुरस्कार, रोजी ने द्वितीय पुरस्कार, सिमरन कौर ने तृतीय पुरस्कार और नेहा गुप्ता ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना और उन्हें रचनात्मक रूप से अपनी सोच व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 15 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वयं सामग्री लाकर मौके पर ही पोस्टर बनाए। डा. रवनीत कौर द्वारा पोस्टरों का मूल्यांकन मौलिकता, रचनात्मकता एवं विषय से संबंधितता के आधार पर किया गया। उन्होंने छात्रों की सराहना करते हुए उनके संदेशों को प्रभावशाली बताया।



*जी.एम.एन. कॉलेज में जल संरक्षण जागरुकता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करतीं संयोजिका डा. भारती विज।*

इस कार्यक्रम का संयोजन डा. भारती विज और डा. अमिता द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेताओं को बधाई दी और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 6 : स्वच्छ जल और स्वच्छता की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम का समापन डा. भारती विज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।